Title: Request to provide extension/stoppage facilities of trains at the Jabalpur Railway station, in Madhya Pradesh.

श्रीमती जयश्री बैनर्जी (जबलपुर) : अध्यक्ष महोदय, जबलपुर स्टेशन में हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह स्टेशन हर वर्ष सर्वाधिक आय रेल विभाग को देता है। यदि यहां से इन गाड़ियों की सुविधाएं उपलब्ध होती हैं तो और भी आय आयेगी।

१) राजकोट एक्सप्रेस को भोपाल से जबलपुर तक बढ़ाया जाए।

२) अमरकंटक एक्सप्रेस को नियमित प्रतिदिन चलाया जाए।

३) जबलपुर से जम्मू तक सीधी ट्रेन चलायी जाए।

४) जबलपुर-भोपाल इन्टरसिटी ट्रेन चलायी जाए या महाकौशन एक्सप्रैस को बढ़ाया जा सकता है।

५) मदनमहल स्टेशन से गोंडवाना एक्सप्रेस एवं महाकौशल, रीवा शटल प्रारंभ कराने की व्यवस्था की जाए।

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मैंने नोटिस दिया है, उसका क्या हुआ।

श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, क्या बोफोर्स को छिपाने का पूरा षडयंत्र है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस इन दोनों के लोग मिले हुए हैं और बोफोर्स वाले मामले में कुछ लोगों को बचाने का पूरा षडयंत्र हो रहा है। जिसके लिए हम लोगों ने बड़ा संघर्ष किया है और आप हमें बोलने का मौका नहीं दे रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय : इसके बाद आपको मौका मिलेगा।